इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3067

3 मई, 2012 को उत्तर के लिए

राष्ट्रीय इस्पात निगम लि0 द्वारा पेयजल की आपूर्ति

3067. श्री मोहम्मद अली खान:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय इस्पात निगम लि0 (आरआईएनएल) 'जलधारा' के अंतर्गत देश के जनजातीय क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति कर रहा है;

(ख) यदि हां, तो ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में तत्संबंधी राज्य-वार, विशेष रूप से आन्ध्र प्रदेश के संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में अब तक कितनी धनराशि व्यय की गई है ?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री बेनी प्रसाद वर्मा)**

(क) से (ग): जी हां। वर्ष 2008-09 से राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड आंध्र प्रदेश राज्य के विशाखापट्टनम जिले के 20 गांवों में पेयजल की आपूर्ति कराने के लिए 'जलधारा' परियोजना को लागू कर रहा है। अभी तक 'जलधारा' परियोजना पर 48.56 लाख रूपए की कुल निधि खर्च की गई है।

****